
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बिना ट्रैवल हिस्ट्री के मरीज है चुनौतीः जिलाधिकारी

**कोरोना कहर**

## दून में 651 कोरोना वायरस कोविड 10 के केस

■ जनपद में डबलिंग रेट 38 दिन हो गया है

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि जनपद में डबलिंग रेट 38 दिन हो गया है और बिना ट्रेवल हिस्ट्री वाले मरीज चुनौती बने हुए है।

जिला कलैक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि अब तक दून में 651 केस कोरोना के है और 137 एक्टिव केस है, रिकवरी रेट बेहतर है, 494 लोग ठीक हो चुके है, मृतक 20 है और पांच दून के और बाकी बाहर के है। उन्होंने कहा कि 146 लोगों का अन्य जनपदों में इलाज हुआ है, 292 लोग प्रवासी, दो विदेशी भी पॉजिटिव पाए गए है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से रुद्रप्रयाग 67 और 25 टिहरी के मरीज है। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी के 77 केस आये है और बिना हिस्ट्री वाले मरीज चुनौती बने हुए है और इसके लिए जिला प्रशासन ने निर्णय लिया कि दो दिन निगम क्षेत्र को पूर्ण रूप से बन्द किया जाये और शनिवार व रविवार को पूर्व की भांति लॉकडाउन किया जायेगा और जिसके कारण अच्छे परिणाम सामने आये है। उन्होंने कहा कि देहरादून जनपद में 38 दिन डबलिंग रेट हो गया ओर पंजाब और उड़ीसा ने भी दो दिन बन्द करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि दून का 12534 पर मिनिमन टेस्टिंग रेट है और डबलिंग रेट दून में 38 दिन, राज्य में 29 दिन, देश मे 22 दिन है। उन्होंने कहा कि 20 मौतों में से 16 मौत का ऑडिट हो चुका है, उन्होंने कहा कि 16 जून के बाद कोई भी ऐसा केस नही आया जिसकी ट्रैवल हिस्ट्री न हो।

उन्होंने कहा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सराहनीय कार्य किया है और आशाओं ने जनपद में 839969 सर्विलांस किया गया है, हॉम क्वारंटाइन किये गए लोगो को पीआरडी जवान सर्विलांस करेंगे और दून को नौजोन में बांटा गया है और जनपद में 52 कंटेनमेंट जोन बनाये गए है, और 29 अब मुक्त हो गए है, अब 23 शेष बचे है कंटेनमेंट जोन है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बुधवार ओर शनिवार को अब डेंगू का अभियान चलेगा और डेंगू के लिए कोरोनेशन, गांधी शताब्दी, रायपुर, प्रेमनगर के अस्पताल को चिन्हित किया गया है।



पत्रकारों से रूबरू होते हुए जिलाधिकारी।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने किया दोनों भाईयों को गिरफ्तार, सम्बंधित धाराओं में मुकदमा

**संवाददाता** हरिद्वार। बिना हेलमेट व मास्क बाइक सवार कांग्रेसी नेता के भाई पर चालान की कार्रवाई से भन्ना कर कांग्रेसी नेता ने भाई के साथ मिलकर कोर्ट चौकी प्रभारी के खिलाफ हाथापाई करते हुए अभद्रता की। जिसकी जानकारी लगते ही पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। जिनके खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घायल चौकी प्रभारी का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिडकुल थाना अंतर्गत रोशनाबाद प्रशासनिक भवन के पास बैरियर पर कोर्ट पुलिस चौकी प्रभारी दिलबर सिंह कंडारी वाहन चेकिंग कर रहे थे, उसी दौरान हेतमपुर की ओर से मोटरसाइकिल में आ रहे युवक गुरमीत पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम हेतमपुर सिडकुल को रोका गया, जिसके चेहरे पर मास्क ही नहीं लगा था और हेलमेट नहीं पहना हुआ था।

### गुकां विवि में परीक्षाओं को सम्पन्न कराने के लिए हुई बैठक

**संवाददाता** हरिद्वार। देश भर में कोरोना वाइरस चरम पर है ऐसे में सभी विश्वविद्यालयों में अध्यनरत छात्र–छात्राओं की परीक्षाओं को लेकर असमंजस कि स्थिति बनी हुई है, ऐसे में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में परीक्षाओं को सम्पन्न कराने के लिए एक बैठक बुलाई गयी। जिसमें परीक्षा कराने के निर्णय लिए गए, इस संदर्भ में गुरुकुल कॉंगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर एमआर वर्मा ने बताया कि सत्र 2019–20 में अध्यनरत जिन छात्र–छात्राओं की सत्रीय परीक्षायें अभी नहीं हुई हैं, उनकी सत्रीय परीक्षायें 01 जुलाई से 20 जुलाई 2020 के मध्य ऑनलाइन करायी जायेंगी। सत्रीय परीक्षा का प्रारुप बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा, यह परीक्षा 01 घंटे की होगी।

### रियलमी ने रियलमी बड्स क्यू एवं रियलमी एडवेंचरर बैकपैक का अनावरण किया

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी लेटेस्ट फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज, रियलमी एक्स3 और एक्स3 सुपरजूम प्रस्तुत की। साथ ही एआईओटी प्रस्तुतियां, रियलमी बड्स क्यू और रियलमी एडवेंचरर बैकपैक भी लॉन्च किए गए। इन उत्पादों का लॉन्च 2020 में देश में टेक–ट्रेंडसेटर ब्रांड बनने के कंपनी के विजन के अनुरूप है। इस सीरीज की घोषणा करते हुए श्री माधव शेठ, वाईस प्रेसिडेंट, रियलमी एवं चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, रियलमी इंडिया ने कहा, ''साल 2020 में रियलमी हर भारतीय को ट्रेंडी एवं स्मार्ट–टेक लाईफस्टाईल प्रदान करना चाहता है।

## ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण भराड़ीसैंण को बनाये जाने का किया विरोध

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण भराड़ीसैंण को बनाये जाने के विरोध में महिला मंच के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आज महिला मंच की प्रदेश संयोजक कमला पंत के नेतृत्व में कार्यकर्तायें मातृ शक्ति स्थल पर इकट्ठा हुई और वहां पर प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण भराड़ीसैंण का विरोध करते हुए गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाये जाने की मांग की है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की राजधानी गैरसैंण बनें और इसके लिए उत्तराखंडी जनता राज्य बनाने से पूर्व से लेकर आज तक संघर्ष करती रही है ओर जिस संघर्ष में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही है और लगातार संघर्ष के बावजूद आज प्रदेश की सरकार ने झुनझुने के तौर पर गैरसैंण भराड़ीसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाये जाने की घोषणा कर दी। वक्ताओं ने कहा कि लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा जिस तरह से यहां की जनता की प्रमुख मांग गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित किया जाये की लगातार अनदेखी करते हुए गैरसैंण भराड़ीसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया है वह यहां की जनता व आंदोलनकारियों का अपमान है।



■महिला मंच का जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

वक्ताओं ने कहा कि इस छोटे से राज्य में दो दो राजधानियों का बोझ डालना यहां की आर्थिकी को भी प्रभावित करेगा। इस अवसर पर मुख्यंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्तायें शामिल थे।



घंटाघर में चालान काटते हुए पुलिसकर्मी।

## सुप्रीम कोर्ट ने आठ राज्यों के फीस मुद्दे को लेकर जनहित याचिका स्वीकार की

■निजी स्कूलों की मनमानियों के विरुद्ध उठाई जा रही आवाज

**संवाददाता**

देहरादून। नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स उत्तराखंड समेत भारत के आठ राज्यों की फीस मुद्दे को लेकर जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार की है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने दी। उन्होंने कहा कि लॉक डाउन के दौरान अभिभावकों को हो रही असुविधा एवं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए संपूर्ण देश में निजी स्कूलों की मनमानियों के विरुद्ध अभिभावकों एवं अभिभावक संघों द्वारा आवाज उठाई जा रही है उत्तराखण्ड भी इस से अछूता नही है। बता दें कि नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स समेत कई राजनीतिक एवं गैर राजनीतिक दलों एवं व्यक्तिगत तौर पर भी उच्च न्यायालय मे जनहित याचिका लगाई गयी किन्तु 22 जून 2020 को आये फैसले से असंतुष्ट होकर नेशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स समेत 08 राज्यो ने सुप्रीम कोर्ट मे जनहित याचिका डाली गई थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उड़ीसा, महाराष्ट्र, दिल्ली के अभिभावक शामिल है। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द देहरादून एवं होम्योपैथिक चिकित्सालय हर्रावाला देहरादून द्वारा कोविड–19 से बचाव एवं शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु होम्योपैथिक औषधि आरसैनिक एएलबी 30 का निःशुल्क वितरण किया गया। इससे पूर्व समिति द्वारा लॉकडाउन में लगातार 51 दिनों तक 300 से 400 भोजन के पैकेट व कच्चा राशन तथा 1000 मॉस्क गरीब और असहाय लोगों को वितरित कर चुकी है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया और विभाग की सराहना की। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएस चौहान, उपाध्यक्ष कैलाश तिवारी, आदि उपस्थित थे।

## कोतवाली पुलिस ने शराब माफियों पर की बड़ी कार्रवाई

**संवाददाता** हरिद्वार। नगर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के अवैध शराब माफियों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने दस अवैध शराब माफियाओं पर गुंडा एक्ट व मुचलका पाबंद की कार्रवाई शुरू की है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल है, इन सभी के खिलाफ नगर कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं। तीर्थनगरी में अवैध शराब की बिक्री पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सेंथिल अबुदेई कृष्णराज एस ने अधीनस्थों को नाक में नकेल के आदेश दिए थे, अवैध शराब के धंधों से जुड़े लोगों को पुलिस कई बार पकड़ चुकी है पर तत्काल जमानत होने के बाद पुनः अवैध शराब बेचने में लग जाते हैं। पुलिस ने अब ऐसे लोगों की लिस्ट तैयार कर अब उन पर कड़ा कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी शुरु कर दी है। मुचलका पाबंद के बाद भी अगर अवैध शराब बेचने में पकड़े जाते हैं तो इनके विरुद्ध भी गुंडा एक्ट अधिनियम में कार्रवाई की जाएगी।